हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 20 मार्च 2025

### रमज़ानुल मुबारक

मुसाफ़िर का हुक्म - मुसाफ़िर जो मुसाफ़ते कसर के इरादे से अपने शहर या बस्ती से निकला जब तक सफ़र में रहेगा मर्द हो या औरत चार रक़ातों वाली नमाज़ों की जगह दो रक़ात फ़र्ज़ पढ़ेगा, हाँ अगर किसी इमाम के पीछे (जो मुसाफ़िर न हो) जमाअत में शरीक हो जाए तो पूरी नामाज़ पढ़नी होगी, मुसाफ़ते कसर 48 मील (77.24 किलोमीटर्स) है, इतनी दूर का इरादा कर के निकलने वाला शरई मुसाफ़िर है,शरीयत ने नमाज़े कसर की बुनियाद मुसाफ़ते कसर पर रखी है अगरचे तकलीफ़ न हो तब भी 48 मील का मुसाफ़िर 4 रक़ात वाले फ़र्ज़ की जगह 2 रक्कत पढ़ेगा, अगर 4 रक़ात पढ़ ली तो बुरा किया। मसला - जिस मुसाफ़िर के लिए 4 रक़ात वाली फ़र्ज़ नामाज़ की जगह 2 रक़ात पढ़ना ज़रूरी है उसके लिए भी जाइज़ है कि रमज़ान मुबारक के मौके पर सफूर में हो तो रोज़ा न रखे और बाद में घर मे आ के छोड़े हुए रोज़ो की क़ज़ा कर ले,चाहे हवाई जहाज़ या मोटर या पैदल सफ़र किया हो और चाहे कोई तकलीफ महसूस न होती हो,अगर किसी जगह 15 दिन ठहरने की नीयत कर लेगा तो मुसाफ़िर न होगा ।

# 'आरोपियों को कब्र से निकालकर दिलाएंगे सजा' : सीएम फडणवीस

> पुलिसकर्मियों पर हुए हमले पर सीएम फडणवीस ने अपनाया आक्रामक रुख

### 1992 के बाद नागपुर में नहीं हुआ सांप्रदायिक तनाव

फडणवीस ने कहा, "नागपुर एक शांतिप्रिय शहर है। यहां तक कि जब 1992 में सांप्रदायिक तनाव भड़क उठा, तब भी शहर शांतिपूर्ण था। हालाँकि, इस बार कुछ उपद्रवियों ने जानबूझकर हिंसा भड़काने की कोशिश की। इस मामले की पूरी जांच चल रही है। जिस कपडे को लेकर यह विवाद हुआ, उस पर पवित्र कुरान की कोई आयत नहीं लिखी थी। हालांकि, फडणवीस ने कहा कि, "कुछ लोगों ने अफवाहें फैलाईं और संदेश वायरल हो गए, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई।"



**नागपुर.**

उपराजधानी नागपुर में हुई हिंसा के दौरान पुलिसकर्मियों पर किये गए हमले और महिला अधिकारीयों के साथ छेड़छाड़ मामले पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आक्रामक रुख अपना लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, "इसमें शामिल किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा, उन्हें कब्र से निकालकर भी सजा दिलाई जाएगी। बुधवार को विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि, "झूठी अफवाह फैलाकर नागपुर में साजिश के तहत हिंसा कराई गई।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "नागपुर मामले में पुलिस कमिश्नर और मैंने अलग-अलग बात नहीं की, पुलिस कमिश्नर ने ही मुझे जानकारी दी। नागपुर मामले में पुलिस पर हमला करने वालों को कब्र से ढूंढकर निकाला जाएगा, अन्य मामलों में उन्हें माफ कर दिया जाएगा, लेकिन अगर वे पुलिस पर हमला करते हैं, तो उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। नागपुर शांतिपूर्ण है, यह हमेशा शांतिपूर्ण रहता है। कुछ लोगों ने जानबूझकर ऐसा किया है।" मुख्यमंत्री ने आगे कहा, "औरंगजेब का मकबरा जला दिया गया, लेकिन उसमें कोई अयातुल्ला नहीं था। फिर भी, यह दावा करते हुए संदेश वायरल हुए कि आयत को जानबूझकर जलाया गया था। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। फडणवीस ने कहा है कि पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, अन्यथा वह चुप नहीं रहेंगे।"

# महिला पुलिस अधिकारी से छेड़छाड़ करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करें: प्रवीण दटके

**नागपुर.**





शहर में सोमवार रात को हुई हिंसा के दौरान एक शर्मनाक घटना सामने आई है। शहर के चिटणीस पार्क से सीए रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर ड्यूटी पर तैनात एक महिला पुलिसकर्मी के साथ भीड़ ने अश्लील व्यवहार किया और उनकी वर्दी खींचने की कोशिश की। इस घटना की शिकायत गणेशपेठ पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई है जिसकी जांच भी पुलिस कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात जब हिंसा चरम पर थी, तब अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्वों ने महिला पुलिसकर्मी से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। कुछ उपद्रवियों ने उनकी वर्दी खींचने का प्रयास किया और उन्हें अपमानित करने का दुस्साहस किया। इस शर्मनाक कृत्य के बाद, पीड़ित महिला पुलिसकर्मी ने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गणेशपेठ थाने में अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ यह मामला दर्ज किया है।

यही नहीं, हिंसा के दौरान अन्य महिला पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया गया। आरोप है कि भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने महिला पुलिसकर्मियों पर अश्लील फब्तियां कसीं, भद्दे इशारे किए और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल ने हालात संभालने की कोशिश की, लेकिन हिंसक भीड़ ने माहौल और अधिक तनावपूर्ण बना दिया। पुलिस प्रशासन ने इस घटना को गंभीर मानते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।इस घटना के बाद महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। महिला पुलिसकर्मियों के साथ हुई इस घटना को लेकर आम जनता में भी आक्रोश है। लोगों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

मध्य नागपुर विधायक प्रवीण दटके ने यह मुद्दा उठाया दटके ने इस वारदात में शामिल आरोपियों को पकड़ने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया।ध्यानआकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए दटके ने कहा, "सोमवार रात दंगे भड़कने के बाद करीब पांच सौ लोगों की भीड़ नारे लगा रही थी और पत्थरबाजी कर रही थी। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, पुलिस उपायुक्त शशिकांत सातव और पुलिस उपायुक्त अर्चित चांडक के साथ पुलिस निरीक्षक मच्छिंद्र पंडित, पुलिस उपनिरीक्षक नितिन राजकुमार, दंगा नियंत्रण दस्ते के पांच कर्मचारी और एक महिला पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे।" दटके ने आगे कहा कि, "भीड़ ने पुलिस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस पर हमला किया, उन्हें पीटा गया।

भीड़ ने एक महिला पुलिस अधिकारी को पकड़ लिया। उसने उसके कपड़े उतारने की कोशिश की और अश्लील इशारे किए। महिला पुलिस अधिकारी द्वारा समय रहते स्वयं को बचा लेने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की।" दटके ने महिला अधिकारी के साथ अभद्रता करने वालों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग राज्य सरकार से की।

# गला रेतकर हत्या मामले में शामिल चारों आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

नागपुर में वर्चस्व को लेकर चल रहे विवाद में अंबाझरी के अपराधियों ने दिनदहाड़े प्रतिद्वंद्वी को मौत के घाट उतार दिया था इस घटना के बाद दो आरोपियों को तो पुलिस ने पकड़ लिया था परंतु उनके दो अन्य साथी घटना के बाद से ही फरार थे। अभी इन दोनों आरोपियों को भी पुलिस में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की मुखवरी करने की शक के चलते ही अपराधियों ने युवक की हत्या की थी।

जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय दीपक उर्फ बबलू गोविंद बसवंते की आरोपी रोशन इंगोले, गजानन उर्फ गज्या शनेश्वर, छोटू सूर्यवंशी और प्रशांत इंगोले ने मिलकर हत्या कर दी थी। हत्या का सूत्रधार रोशन का भाई प्रशांत इंगोले, राहुल सूर्यवंशी इस वारदात के बाद से ही फरार थे जिन्हें बीती रात पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर भंडारा से गिरफ्तार किया है।

दीपक पांढराबोड़ी बस्ती का पुराना अपराधी था. उसके खिलाफ दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं. उसे जिले से तड़ीपार भी किया गया था. वह कुछ समय से रामनगर चौक पर फूल की दुकान लगाता था. उसकी पांढराबोडी के अपराधी इंगोले बंधुओं से रंजिश चल रही थी. दीपक ने उन्हें धमकाया था. इंगोले बंधु पांढराबोड़ी में अवैध शराब का अड्डा चलाते हैं.



उनका पांढराबोड़ी में दबदबा है।

प्रशांत को तड़ीपार भी किया गया था. कुछ समय पहले ही उसकी तड़ीपारी खत्म हुई है। इसके बाद से ही वह पुनः सक्रिय हो गया था। पुलिस उस पर एमपीडीए की कार्रवाई करने की तैयारी में थी। होली के पूर्व पुलिस ने इंगोले बंधुओं और उनके भागीदार वासनिक के अड्डे पर दबिश देकर शराब बरामद की थी. इसके बाद भी इंगले बंधु अवैध शराब बेच रहे थे। उन्हें दीपक और उसके किरायेदार किरण इंगले पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का संदेह था। शनिवार की रात इंगोले बंधु और दीपक के बीच पुनः विवाद हुआ। दीपक ने इंगोले बंधुओं को धमकाते हुए देख लेने की धमकी दी थी। इसके बाद ही इंगोले बंधुओं ने दीपक की हत्या करना तय किया।

रविवार सुबह आरोपी दीपक को रात मे हुए विवाद में समझौता करने के बहाने घर से जय नगर के खुले मैदान में ले गए. वहां धारदार हथियार से गले, सीने और गर्दन पर वार कर उसका गला रेतकर हत्या कर दी और वहां से भाग खड़े हुए थे।

## जिप सीईओ विनायक महामुनि ने 46 करोड़ से अधिक का बजट किया पेश

**नागपुर.**

नागपुर जिला परिषद का बजट चार करोड़ से बढ़ गया है. जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनि ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। मौजूदा समय में प्रस्तावित बजट 46 करोड़ से अधिक का है.

सीईओ के मुताबिक अगर सरकार से मिलने वाले मुद्रांक शुल्क में बढ़ोतरी होती है तो बजट 50 करोड़ से अधिक का हो जायेगा, जिला परिषद में प्रशासक राज में पेश हुए बजट में कई नई योजनाओ को प्रधानता दी गयी है. सीईओ के बजट में कई योजनाओ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल की जानकारी दी गयी है।

## सिंधी समाज करेगा पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का सत्कार



**कामठी.**

भारतीय सिंधु सभा द्वारा रविवार 23 मार्च को कांटी ओली स्थित प्रभु श्रीराम सिंधु भवन में शाम को 8 बजे आयोजित महासम्मेलन व सत्कार समारोह में पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का सत्कार किया जाएगा। वहीं सिंधी समाज के समाजसेवियों को भी पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के हस्ते सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ शाम में 7 बजे विश्व विख्यात एन.सी. सरकार का (मैजिक शो) जादू कार्यकम का भी आयोजन किया गया है। भारतीय सिंधु सभा ने सम्मेलन व सत्कार समारोह को सफल बनाने की अपील की।

## संदीप जोशी का नागपुर में भव्य स्वागत

> भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं



**नागपुर.**

नागपुर शहर के पूर्व महापौर संदीप जोशी नागपुर शहर पहुंचे। शहर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

बुधवार की सुबह हजारों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता संदीप जोशी को शुभकामनाएं देने उनके निवास पर पहुंचे। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जोशी पर पुष्प वर्षा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। भारतीय जनता पार्टी ने इस अवसर को आदिवासी नृत्य, ढोल समूहों और आतिशबाजी के साथ मनाया। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने संदीप जोशी को मनोनीत किया है। इस चुनाव के बाद जोशी ने सोमवार 17 मार्च को विधानसभा में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और निर्विरोध निर्वाचित हुए। बुधवार (19 तारीख) को भारतीय जनता पार्टी के नागपुर शहर अध्यक्ष जितेन्द्र (बंटी) कुकड़े, जयप्रकाश गुप्ता, रामभाऊ अम्बुलकर, विष्णु चांगडे, गुड्डू त्रिवेदी, रितेश गावंडे, विनोद कन्हेरे, भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष बादल राऊत और सर्व युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संदीप जोशी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

## 12 घंटे में चोर गिरफ्तार, 83,000 का सामान बरामद

**नागपुर.**



रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री का बैग चोरी करने वाले आरोपी को लोहमार्ग पुलिस ने महज 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लैपटॉप, नगदी और अन्य कीमती सामान समेत कुल 83,000 रुपये का माल बरामद किया। जानकारी के अनुसार दरभंगा (बिहार) निवासी कोमल श्रियाजीत मिश्रा (25 ) बिजनेस और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं। ट्रेन का इंतजार करते हुए वह नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर विश्राम कर रही थीं। देर रात करीब 3.30 बजे जब उनकी नींद खुली, तो उनका बैग गायब था। बैग में लैपटॉप, चार्जर, दो घड़ियां, एक पर्स और 10,000 रुपये नगद समेत कुल 83,000 रुपये का सामान था।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग, 12 घंटे में गिरफ्तारी

पीड़िता ने तुरंत जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध व्यक्ति बैग चुराते हुए नजर आया। तलाशी के दौरान वह स्टेशन के पार्सल ऑफिस के पास घूमता मिला। जब पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। कड़ी पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली। आरोपी की पहचान सतवा दनियाव बाजार, पटना (बिहार) निवासी मनोजपाल राम बालक भगत (38 ) के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका नारनवारे और थाना प्रभारी गौरव गावंडे के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में उइके, मिश्रा, कनिरे, हिंगणे, खवसे, त्रिवेदी, अली, गवई और ढोंगडी शामिल रहे।

## तकनीकी खराबी के कारण रेलवे परीक्षा रद्द, अभ्यर्थी हुए परेशान

**नागपुर.** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा आयोजित सहायक लोको पायलट (सीबीटी-2) परीक्षा तकनीकी खराबी के कारण रद्द करनी पड़ी। बुधवार, 19 मार्च को देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा होनी थी, लेकिन नागपुर के दो परीक्षा केंद्रों पर पहली पाली की परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो सकी।

नागपुर के वीएमवी कॉमर्स जेएमटी आर्ट्स एंड जेजेपी साइंस कॉलेज, वर्धमान नगर और आईआन डिजिटल जोन 2, वाडी एमआईडीसी में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा दो पालियों में होनी थी पहली पाली सुबह 9:30 से 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से 5:00 बजे तक।

**सर्वर डाउन, परीक्षा रद्द**

पहली पाली के दौरान तकनीकी गड़बड़ी सामने आई, जिससे सर्वर डाउन हो गया। काफी देर तक समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिसके चलते परीक्षा रद्द करनी पड़ी। इस दौरान परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष के बाहर इंतजार करते रहे और परीक्षा न होने से उन्हें निराशा हाथ लगी।

# नागपुर पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन

> पत्थरबाजों और उपद्रवियों को पनाह देने वालों को किया जा रहा गिरफ्तार

**नागपुर.**

नागपुर पुलिस ने सोमवार को हुई हिंसा और आगजनी में शामिल आरोपियों की पहचान करने के लिए कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इसके तहत पुलिस उन घरों की तलाशी ले रही जिनके घरों से पत्थरबाजी हुई और साथ ही उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है, जिन्होंने महल और हंसपुरी हिंसा के बाद आरोपियों को पनाह दी थी। सोमवार को हुई हिंसा में उपद्रवियों ने खूब हुड़दंग मचाया था। उपद्रवियों ने पुलिस सहित आपस के घरों पर पत्थरों से हमला कर दिया। हजारों की संख्या में भीड़ एकाएक महल और हंसपुरी पहुँचती है और लोगों की निजी संपत्ति में तोड़फोड़ शुरू कर देती है। इस दौरान कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। हिंसा के दौरान कई घरों से पत्थरबाजी भी की गई। यही नहीं उपद्रवियों ने तलवार, कुल्हाड़ी से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। जिसमें 33 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें तीन डीसीपी रैंक के अधिकारी भी शामिल है। घटना के बाद से नागपुर पुलिस लगातार हिंसा में शामिल आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी। बुधवार को हिंसा में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जिसके तहत पुलिस सीसीटीवी की मदद से उन घरों की तलाशी ले रही जिनके घरों से पत्थरबाजी हुई उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी के साथ उन लोगों को भी हिरासत में लिया जा रहा है, जिन्होंने उपद्रवियों ने अपने घरों में छुपाया था। नागपुर में हिंसा करने के आरोप में पुलिस ने मास्टरमइंड फहीम खान सहित 51 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# नागपुर में गगनचुंबी इमारतों की सुरक्षा के लिए नया अग्निशमन मास्टर प्लान

**नागपुर.**

नगर निगम के अग्निशमन विभाग ने शहर में बढ़ती गगनचुंबी इमारतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। अब 70 मीटर ऊंची इमारतों में आग पर काबू पाने के लिए एक कुशल प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस कार्य के लिए नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन में अग्निशमन विभाग के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत, विभाग को सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जल्द ही अग्निशमन विभाग के पास 70 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मशीन होगी, जो बड़ी इमारतों में आग बुझाने के काम आएगी। इसकी खरीद प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही, शहर में अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के लिए मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी गई है, जिसमें दमकल स्टेशनों की संख्या बढ़ाने और अग्निशमन उपकरणों को उन्नत करने की योजना है।

**22 नए अग्निशमन केंद्र शहर में स्थापित होंगे**

नए अग्निशमन केन्द्रों के निर्माण और कुछ केंद्रों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है। नगर निगम इस पर लगभग 29 करोड़ रुपये खर्च करेगा। शहर के विस्तार और बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए नए अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। कुल मिलाकर, नागपुर में 22 अग्निशमन केंद्र होंगे, जिसमें पचपावली, कलमना, बजाजनगर, अंबाझरी, नरसाला, मानेवाड़ा, चिंचभवन, दाभा, वायुसेनानगर, ठाकरे लेआउट, वंजरा और वंजरी क्षेत्रों में नए अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



**नई दमकल गाड़ियां खरीदी जाएंगी**

16 करोड़ 49 लाख रुपये में इसके अतिरिक्त, विभाग ने नए दमकल गाड़ियों की खरीद के लिए 16 करोड़ 49 लाख रुपये मंजूर किए हैं। इसमें 16,000 लीटर क्षमता वाली 5 दमकल गाड़ियां, 5,000 लीटर क्षमता वाली 3 गाड़ियां और 2,000 लीटर क्षमता वाली 6 दमकल गाड़ियां शामिल हैं। ये नई गाड़ियां जल्द ही अग्निशमन केंद्रों में सेवा में उपलब्ध हो जाएंगी।

अग्निशमन विभाग का यह नया मास्टर प्लान मुख्य रूप से गगनचुंबी इमारतों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्नत प्रणालियों को लागू करने पर केंद्रित है, जिससे आग पर काबू पाना और आपातकालीन स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित निकालना संभव हो सके।




88888 86930 | 77220 24512 | domestic@btpyatra.com | www.btpyatra.com


CMYK

# रामदेव बाबा यूनिवर्सिटी की अनुसंधान में ऊंची उड़ान, 270 पेटेंट्स को मंजूरी

**नागपुर.**

रामदेवबाबा विश्वविद्यालय (आरबीयू) ने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पिछले तीन वर्षों में 270 भारतीय पेटेंट्स प्राप्त किए हैं। 610 पेटेंट्स प्रकाशित हुए हैं। वहीं 300 कॉपीराइट्स और 990 से अधिक बौद्धिक संपदा अधिकार पंजीकरण प्राप्त करने का रिकॉर्ड बनाया है।

यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की निरंतर अनुसंधान और नवाचार-प्रेरित पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता को दर्शाती है, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों, शोधकर्ताओं और प्रोफेसरों से नवीन स्टार्टअप का उदय हो रहा है। रामदेवबाबा विश्वविद्यालय में आयोजित पत्र परिषद में विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. राजेश पांडे ने यह जानकारी दी।



डॉ. पांडे ने बताया कि, विश्वविद्यालय के पेटेंट्स में फॉस्फोर-आधारित सॉलिड स्टेट लाइटिंग, जैविक चिकित्सा उपकरण, एआई आधारित आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली स्वचालन, 5जी तकनीकी विकास और अन्य अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में नवाचार शामिल है।

विश्वविद्यालय के कई पेटेंट्स स्टार्टअप्स में रूपांतरित हो चुके हैं, जिनमें से कुछ ने विभिन्न सरकारी एजेंसियों से फंडिंग प्राप्त की है और अपने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।उल्लेखनीय है कि, कुल पेटेंट्स में से 80 प्रतिशत पेटेंट्स छात्र या विभाग के हैं। रामदेवबाबा विश्वविद्यालय ने "आरसीओईएम टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर' की स्थापना की है, जो एक सेक्शन 8 कंपनी है और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में काम कर रही है।

### 100 से अधिक स्टार्टअप का निर्माण

रामदेवबाबा विश्वविद्यालय की नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण पहल "आरजीएसटीसी-एमएसएमई' इनोवेशन प्रोग्राम है, जिसे राजीव गांधी विज्ञान और प्रौद्योगिकी आयोग द्वारा वित्त प्रदान किया जाता है। इस पहल के तहत 120 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को तकनीकी सहायता प्रदान की गई है, जिसके परिणामस्वरूप 100 से अधिक स्टार्टअप का निर्माण हुआ है।

विश्वविद्यालय ने उद्योग-समर्थित कई परियोजनाओं को लेकर पेटेंट्स प्राप्त किए हैं, जो उद्योगों की वास्तविक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

अब तक इस इनक्यूबेटर ने 60 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन दिया है, जिनमें से कुछ ने सरकारी एजेंसियों और निवेशकों से पृष्ठभूमि प्राप्त की है। डॉ. पांडे ने यह भी बताया कि, विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में "डिजाइन थिंकिंग', "नवाचार' और "उद्यमिता' जैसे विषयों का समावेश किया गया है, ताकि छात्रों में नवाचार-उन्मुख मानसिकता को बढ़ावा दिया जा सके। पत्र परिषद में प्राचार्य डॉ. मनोज चांडक, अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. डी. एस. अदाणे, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. ए.ए. खुर्शीद, अनुसंधान एवं विकास उप निदेशक डॉ. जयू कलंबे, आपीआर समन्वयक डॉ. भालचंद्र हरदास उपस्थित थे।

## स्टेशन पर महिला यात्री का बैग चुरानेवाले आरोपी को 6 घंटे में पकड़ा

**नागपुर.**



बच्चों को गर्मियों की छुट्टियां लगनी शुरू हो गई है। जिससे रेलवे गाड़ियों में यात्रियों की संख्या भी बढ़ गई है। लेकिन यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही गाड़ियों में व स्टेशनों पर चोरों के गिरोह सक्रिय होने लगे हैं। जो यात्रियों के कीमती सामान चोरी कर रहे हैं। इसी तरह बुधवार की तड़के ट्रेन का इंतजार कर रही एक महिला यात्री के नींद का फायदा उठाकर एक आरोपी ने बैग पर हाथ साफ कर लिया। नागपुर जीआरपी को इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका नारनवरे के मार्गदर्शन व पीआइ गौरव गावंडे के नेतृत्व में आरोपी को महज 6 घंटे में पकड़ा गया। जिसके बाद इसके पास से चोरी किया सामान वापस लिया गया। इस पर मामला दर्ज कर इसे न्यायालय के सामने पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार फरियादी महिला यात्री भगत की कोठी एक्सप्रेस गाड़ी से नागपुर रेलवे स्टेशन पर मध्यरात्रि को आई थी। यहां से उसे वर्धा में जाना था। वर्धा के लिए सुबह की गाड़ी रहने से वह गाड़ी का इंतजार करने के लिए प्लेटफार्म नंबर 2 के एक बेंच पर बैठ गई थी। गाड़ी का इंतजार करते करते उसकी आंख लग गई। जिसका फायदा पास ही में ताक में बैठा आरोपी ने मनोज पाल (34) निवासी बिहार ने उठाया उसने छुपके से महिला की बैग पर हाथ साफ कर वहां से भाग गया।

महिला यात्री की नींद सुबह खुलने के बाद उसे चोरी की भनक लगी। जिसके बाद उसने तुरंत इटारसी एंड की ओर बने जीआरपी थाने में जानकार जानकारी दी। जीआरपी में शिकायत दर्ज कराने के बाद जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें आरोपी तड़के 3.30 बजे महिला यात्री के बैग पर हाथ साफ करते हुए पाया गया। इसके बाद आरोपी की फोटो की सहायता से इसकी खोजबीन शुरू की। दोपहर को 2 बजे आरोपी को संतरा मार्केट से पकड़ा गया। आरोपी बल्लारशाह में काम करता है। ऐसे में वह भागने की फिराक में था। लेकिन सही समय में जीआरपी की टीम ने उसे धर दबोचा।

इन दिनों प्लेटफार्म पर लगातार चोरियों की घटना हो रही है। ऐसे में जीआरपी ने सतर्क रहने की अपील की है।

## रंगपंचमी पर लावा गांव में मना सोनबा बाबा उत्सव

### > बिना बैल के दौड़ी बैलगाड़ियां

**वाडी.**

महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र की धरती पर कई ऐतिहासिक और अनोखी परंपराएं देखने को मिलती हैं। इन्हीं में से एक अनूठी परंपरा नागपुर ग्रामीण तहसील के वाडी-खड़गांव मार्ग स्थित लावा गांव में 250 वर्षों से चली आ रही है। रंगपंचमी के अवसर पर यहां आयोजित होने वाले सोनबा बाबा उत्सव में इस बार भी अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब बिना बैलों के बैलगाड़ियां अपने आप दौड़ने लगीं।



रंगपंचमी से एक दिन पहले रात 12 बजे सोनबा बाबा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। परंपरा के अनुसार पांच बैलगाड़ियों को एक साथ जोड़ा गया। शाम 6 बजे, सबसे आगे की गाड़ी पर खड़े भगत देवनाथ गोरले और उनके करीब 100 अनुयायियों ने "होकर रे होक" और "सोनबा बाबा की जय" के नारों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। आश्चर्यजनक रूप से, कुछ ही पलों में बिना बैलों के बैलगाड़ियां खुद-ब-खुद आगे बढ़ने लगीं। यह चमत्कार देखकर श्रद्धालु अचंभित रह गए। विज्ञान के इस युग में बिना बैलों के बैलगाड़ियों का दौड़ना लोगों के लिए रहस्यमय घटना बन गई। सोनबा बाबा उत्सव में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे, जिनमें विशेष रूप से ससुराल से आई महिलाओं की संख्या अधिक थी। इस मौके पर गोरले परिवार के सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में कमलेश हिरणवार, राजन हिरणवार, सरपंच ज्योत्सना नितनवरे, उपसरपंच रॉबिन शेलारे, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुजीत नितनवरे, कृषि उत्पन्न बाजार समिति के संचालक महेश चोखंड्रे, ग्राम पंचायत सदस्य रामेश्वर ढवले, संतोष शेंडे और पांडुरंग बोरकर सहित कई लोग शामिल थे। उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई थी। वाडी पुलिस स्टेशन के प्रभारी राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही एमआईडीसी ट्रैफिक विभाग के पीआई सारंग मिराशी और एपीआई विजय धुमाल की टीम ने यातायात को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।



**250 साल पुरानी रहस्यमयी परंपरा :** बिना बैलों के बैलगाड़ियों का दौड़ना आज भी एक रहस्य बना हुआ है। हर साल हजारों श्रद्धालु इसे देखने के लिए लावा गांव आते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह सब सोनबा बाबा की कृपा से संभव होता है, जबकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले लोग इसे एक अनसुलझी गुत्थी मानते हैं। यह आयोजन महाराष्ट्र की गहरी आस्था, परंपरा और श्रद्धा का जीवंत प्रमाण है। यह न केवल धार्मिक भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और लोक आस्था को भी उजागर करता है। सोनबा बाबा उत्सव सदियों से इसी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता आ रहा है और आगे भी इसकी पवित्रता बनी रहेगी।

## राजस्थानी महिला मंडल ने उमरेड में महिला दिवस मनाया

**उमरेड.**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थानी महिला मंडल, उमरेड द्वारा मारवाड़ी राम मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विदर्भ की वास्तु प्रशिक्षक चित्रा जावदिया, उमरेड की गर्भ संस्कार एवं रेकी प्रशिक्षक दीक्षा उन्नरकर, इंदुमती अग्रवाल, मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता सारडा, सचिव अमिता अग्रवाल समेत कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान गर्भ संस्कार और रेकी विशेषज्ञ दीक्षा उन्नरकर ने गर्भावस्था से ही बच्चों में सकारात्मकता लाने और उनके लिए आदर्श वातावरण तैयार करने पर मार्गदर्शन दिया। वहीं, वास्तु प्रशिक्षक चित्रा जावदिया ने घर में माता लक्ष्मी को आकर्षित करने के लिए अष्टलक्ष्मी उपायों की जानकारी दी और सभी उपस्थितजनों के हस्ताक्षर के आधार पर उनके व्यक्तित्व का विश्लेषण किया। इस कार्यक्रम में वसुदा खंते ने भी अपने विचार साझा किए। संचालन श्रीकांता नथांनी ने किया, जबकि अतिथियों का परिचय ममता अग्रवाल और किरण प्रजापति ने कराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्योति सारडा, संगीता सारडा, किरण मोहता, सुनीता मूंधडा, पूजा अग्रवाल, मानसी सारडा, मीना मूंधडा, कृष्णा मूंधडा, शीतल मूंधडा, निता मूंधडा, मंजू मूंधडा, पूजा मूंधडा, कविता पाठक, श्वेता सारडा, अरुणा सारडा, सीमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुषमा नथानी, बसंती तापड़िया, श्रद्धा मूंधड़ा सहित कई महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में लता मूंधड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संत गाड़गेबाबा जयंती मनाई गई

**कामठी.**

सर्वभाषीय वरठी (परीट) धोबी समाज की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर कर्मवीर कर्मयोगी संत शिरोमणि गाडगेबाबा जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। कर्मयोगी संत शिरोमणि गाडगेबाबा जयंती महोत्सव के अवसर पर क्रिकेट स्पर्धा, महिलाओं के लिए एकल, समूह नृत्य, गीत गायन, रक्तदान शिविर, शोभायात्रा आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि राम मंदिर मोदी पढाव से सजे हुए रथ पर कर्मयोगी श्री संत गाडगेबाबा की प्रतिमा की पूजा, आरती करके शोभायात्रा शुरू की गई। बैंड, ढोल ताशे, डीजे, पटाखों की आतिशबाजी में निकली शोभायात्रा मच्छी पूल, दाल ओली, चावडी चौक, मेन रोड, जुनी ओली, सत्यनारायण चौक, अग्रवाल भवन,



कांटी ओली, सोनार ओली, बोरकर चौक से शहर का भ्रमण करते हुए भाजी मंडी धोबीघाट में शोभायात्रा का समापन हुआ।

शोभायात्रा का जगह-जगह नागरिकों ने स्वागत कर प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सर्व भाषिक वरंटी समाज के संस्थापक अध्यक्ष डी.डी. सोनटक्के के हस्ते कर्मयोगी श्री संत गाडगेबाबा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम के समापन की गई। कार्यक्रम दौरान भैयाजी रोहणकर, पूर्व नगरसेवक संजय कनोजिया, पूर्व नप सभापति श्रावण केलझरकर, विशाल कोतपल्लीवार, विजय कोंडुलवार, महेश कनोजिया, रंगीलाल जैसवाल, पूर्व प्राचार्य कपूरचंद कनोजिया, रमेश कनोजिया, नकुल अर्गुलयवार, मोहन सत्तलवार, बबलू कनोजिया, राहुल कनोजिया , संदीप कनोजिया, आकाश कनोजिया, किशन अरगुल्लेवार, प्रकाश गजराज, रोशन शिरसागर, यशपाल गंगराज, राहुल कनोजिया, राकेश कनोजिया, बंडू कनोजिया, आनंद अगुटलेवार, दर्शन अगुटलेवार, कमल कनोजिया, ओम प्रकाश जयस्वाल, उमेश कनोजिया, मुकेश कनोजिया, विजय कनोजिया, निलेश कनोजिया, धीरज कनोजिया, दीपक कनोजिया आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए डी.डी. सोनटक्के ने कहा कि युवाओं को कर्मयोगी श्री संत गाडगेबाबा का आदर्श रखकर समाज सेवा करनी चाहिए।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन भोलाजी बैसवारे ने किया। प्रस्तावना संजय कनोजिया ने की। संचालन विजय कोंडुलवार ने किया और आभार प्रदर्शन श्रावण केलझरकर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे।

## धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक, फिर भी 35% लोग शौकीन

**नरखेड़-काटोल-कोंढाली.**

पिछले कुछ वर्षों में विदर्भ प्रांत, विशेष रूप से नागपुर और वर्धा जिले में, खर्रा नामक तंबाकू उत्पाद का सेवन तेजी से बढ़ा है। धीरे-धीरे, इस लत ने पूरे महाराष्ट्र में अपनी जड़ें मजबूत कर ली हैं।

वहीं, राज्य के औषधि एवं अन्न प्रशासन विभाग की निष्क्रियता के कारण यह गंभीर समस्या और अधिक विकराल होती जा रही है। खर्रा, गुटखा और मावा के शौकीन लोग अपने स्वास्थ्य को गंभीर जोखिम में डाल रहे हैं। सुपारी के छोटे टुकड़ों और सुगंधित तंबाकू को मिलाकर बनाए गए मिश्रण को खर्रा कहा जाता है। इसे कुछ स्थानों पर मावा या गुटखा भी कहते हैं। लोग इस नशे के इतने आदी हो गए हैं कि सफर के दौरान भी वे इसे स्टॉक में रखते हैं और इसे तोहफे के रूप में भी अपने परिचितों को देते हैं।

खर्रे का सेवन पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों में भी देखा गया है। 10-12 वर्ष के बच्चे भी इसकी लत का शिकार हो रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार, खर्रा शराब और सिगरेट से भी ज्यादा नुकसानदायक है। आज स्थिति यह है कि किसी भी उम्र का व्यक्ति बिना किसी झिझक के इसे मांगकर खा लेता है।



खर्रा का उपयोग सबसे अधिक नौकरीपेशा और शिफ्ट में काम करने वाले मजदूरों में देखा जाता है। अधिकांश पान ठेलों पर यह आसानी से उपलब्ध है, लेकिन अब यह गृह उद्योग का रूप भी ले चुका है। बेरोजगार लोग घरों में खर्रा पीसने की मशीनें लगाकर इसे तैयार कर रहे हैं। एक किलो सुपारी से 50-60 पुड़िया खर्रा बनाई जाती हैं, जिनकी कीमत 25-30 रुपये होती है। ग्रामीण इलाकों में खर्रा सेवन करने वालों की संख्या 40% तक पहुंच गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 35% है। खर्रा निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सुपारी की गुणवत्ता बेहद खराब होती है। इसके अलावा, इसमें मिलाया जाने वाला तंबाकू, चूना और कत्था स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। फिर भी, हाईवे और अन्य प्रमुख स्थानों पर खर्रा का लाखों रुपये का दैनिक कारोबार हो रहा है। एक किलो खर्रा तैयार करने पर बेरोजगारों को करीब 300 रुपये तक की आमदनी होती है, जिससे कई लोग इस अवैध कारोबार से जुड़े हुए हैं। अब हर गांव में कम से कम दो पान ठेले खर्रा बेच रहे हैं, और नगरों में तो इसकी कई बड़ी दुकानें भी खुल गई हैं।

### खर्रा का सालाना कारोबार 22 करोड़ से अधिक

जानकारी के अनुसार, सिर्फ काटोल तहसील के शहरी और ग्रामीण इलाकों में ही खर्रे का सालाना कारोबार 22 करोड़ रुपये से अधिक है। बावजूद इसके, संबंधित विभाग की अनदेखी के कारण यह व्यापार तेजी से फल-फूल रहा है। खर्रा सेवन का बढ़ता चलन न केवल लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सरकार और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ी इस जानलेवा लत से बच सके।

### नागपुर जिला तंबाकूजन्य कैंसर मामलों में अव्वल

### नागपुर कैंसर हब बनता जा रहा जिला

रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में तंबाकू जनित कैंसर और मुंह के रोगों के सबसे ज्यादा मरीज नागपुर जिले में मिल रहे हैं। खर्रे के कारण प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये का कारोबार हो रहा है, लेकिन इसके चलते कैंसर रोगियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। सरकारी कार्यालयों, तहसीलों और पुलिस थानों की दीवारें और सीढ़ियां खर्रे की पिचकारी से लाल हो चुकी हैं, जो स्पष्ट रूप से इस समस्या की भयावहता को दर्शाती हैं।

### सरकार की लापरवाही: प्रशासन बना मूकदर्शक

हजारों पान ठेलों और दुकानों पर धड़ल्ले से खर्रा बेचा जा रहा है, लेकिन औषधि एवं अन्न प्रशासन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। यहां तक कि सरकारी, अर्धसरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी भी बड़े पैमाने पर खर्रा सेवन करते हैं, जिसका प्रमाण सरकारी कार्यालयों में जमी पिचकारी की परतें देती हैं।

## कन्हान में धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

### > उबाठा के प्रकाश जाधव ने युवाओं को दिया संदेश



**कन्हान.**

रामटेक लोकसभा के पूर्व सांसद और उबाठा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जाधव के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक आरोग्य केंद्र के समीप महामार्ग पर स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव की शुरुआत की गई।

शाम को विवेकानंद नगर में गुरुदेव सेवा मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही ग्रामोन्नति प्रतिष्ठान, शेतकरी कष्टकरी महासंघ और विवेकानंद सेवा मंडल ट्रस्ट, कन्हान के संयुक्त तत्वावधान में "शिवरत्न" लोकोपयोगी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में पूर्व सांसद प्रकाश जाधव, नागपुर जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डोणेकर, हीराबाई स्कूल के संचालक नरेंद्र वाघमारे, सार्थक पब्लिक स्कूल के संचालक भूषण निंबाळकर, पूर्व नगरसेवक राजेश यादव, मधुकर नागपुरे, कोठीराम चकोले सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और "जय भवानी, जय शिवाजी" के जयघोष से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर शालिकराम ठाकरे, रतिराम सहारे, डॉ. वी. एम. जुनघरे, ताराचंद निंबाळकर, नामदेव नवघरे, बालाजी नायर, किशोरी अरोरा, सुत्तम मस्के, रवि रंग, विठ्ठल ठाकुर, सुनील सरोदे, रूमदेव मानकर, गुंडेराव भुते, देशमुख गुरुजी, पोतदार सर, खर्चे सर, बेहुणे महाराज, डॉ. वराडे पाटील, प्रभाकर हुड, डॉ. गिरडकर, कुमार नायर, विनय यादव, रमेश गणोरकर, रेखा टोहणे, कन्हान हाकस यूनियन के प्रशांत पाटिल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में दिलीप राईकवार, मोतीराम रहाटे, कमल सिंह यादव, सचिन सालवी, रविंद्र चकोले, कमलेश पांजरे, विजय डोणेकर, गोविंद जुनघरे, रूपेश सातपुते, हबीब शेख, पुरुषोत्तम येणेकर, संतोष गिरी, जीवन ठवकर, राजू गणोरकर, मनोज गडधे, दिलीप येलमुले, उमराव पाटील, प्रमोद वानखेड़े, शंकर राऊत, प्रतीक जाधव, सुधाकर जुनघरे, देवा चतुर, राहुल सोनबरसे, अशोक मेश्राम, यशवंत खंगारे, प्रशांत येलकर, शिव जाधव, आकाश पंडितकर, केतन भिवगडे, निशांत जाधव, धर्मराज आपुरकर, आशीष नागपुरे, राहुल ऊके, राजकुमार बावने, आयुष भोगे, कृष्णा केझरकर, चेतन ठवरे समेत कई कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रकाश जाधव ने युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और जनहितकारी राजा थे। उन्होंने युवाओं से शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने और समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे शिव जयंती समारोह भव्य और ऐतिहासिक बना।

# तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने कार को मारी टक्कर

## > 1 की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल

**यवतमाल.**

अमरावती रोड पर वीणादेवी दर्डा स्कूल के सामने तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इस भयानक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह घटना लोहारा पुलिस थाना क्षेत्र में वीणादेवी दर्डा स्कूल के सामने घटी।हादसे में मारे गए युवक की पहचान विशाल नारायण देशमुख पुराना उमरसरा के रूप में हुई है। वहीं, नितिन कुलदीप मिश्रा और युवराज प्रल्हादसिंह परिहार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। तीनों लोग स्विफ्ट कार से अमरावती से यवतमाल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान आयशर ट्रक गलत दिशा से तेज रफ्तार में आकर उनकी कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चालक विशाल देशमुख की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही लोहारा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### विशाल को मृत घोषित कर दिया

लेकिन सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# गोडी तिमेझरी में पानी की किल्लत

## > बूंद-बूंद के लिए तरस रहे ग्रामीण

**गोंदिया.**

जिले की गोरेगांव तहसील के ग्राम गोडी तिमेझरी में पानी की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं। शासन द्वारा गांव में तीन पानी टंकियों का निर्माण तो कराया गया, लेकिन पानी आपूर्ति के लिए आवश्यक कुओं की खुदाई अब तक पूरी नहीं हो सकी है। भीषण गर्मी में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है, जिससे ग्रामवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालात यह है कि ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। पानी की इस गंभीर समस्या के बावजूद जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



# संत तुकाराम महाराज बीज सोहला उत्साहपूर्वक संपन्न

**हिंगनघाट.**



इंदिरा गांधी वार्ड, हिंगनघाट में स्थित शहर के एकमात्र संत तुकाराम महाराज मंदिर में संत तुकाराम महाराज बीज सोहला बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर सात दिवसीय हरी पारायण का आयोजन किया गया, जिसे श्री घवघवे महाराज ने संपन्न किया। इस भव्य आयोजन का आयोजन संत तुकाराम महाराज उत्सव कमिटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवराव माऊसकर, पांडुरंग बावणे, शंकर हटवार, गजानन माऊसकर, प्रशांत वाडकर, सूर्यकांत तिजारे, भानुदास कडू, रेवातीनाथ भोयर, हिरालाल अंबेरे, महिंद्रा मोरे, शुभम अंबरे सहित समस्त इंदिरा गांधी वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भक्तिमय वातावरण में संपन्न इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने संत तुकाराम महाराज के अभंगों का आनंद लिया और भक्ति भाव से उत्सव मनाया।

# फायर ब्रिगेड की तत्परता से भीषण आग पर काबू पाया गया

**हिंगनघाट.**



आज जाम-हिंगनघाट एक्सप्रेसवे पर होटल विट्ठल कामत के सामने सड़क किनारे लगे पेड़ों में भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के पेड़ों और पानी की आपूर्ति करने वाली पाइपों को भारी नुकसान हुआ।

प्रा. डाखोरे सर की सूचना पर तुरंत अग्निशमन अधिकारी गाणार और विशाल ब्राह्मणकर सर को सूचित किया गया। उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को सतर्क किया और अग्निशमन दल को मौके पर भेजा। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस अभियान में अग्निशमन दल के तलवेकर, समर्थ और ऐलगंधरवार ने आग को पूरी तरह बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान संगठन के उमेश मंगरुलकर भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों में सहयोग किया। गौरतलब है कि यह एक्सप्रेसवे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का ड्रीम प्रोजेक्ट है और भारत का पहला ग्रीन कॉरिडोर है। हालांकि, हर साल यहां आग लगने की घटनाएं होती हैं, जिससे हजारों पेड़ जलकर राख हो जाते हैं। इन पेड़ों को बचाने और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, जिसमें 10 किलोमीटर लंबी जालीदार सुरक्षा घेराबंदी, जल आपूर्ति व्यवस्था और मानव संसाधन शामिल हैं। इसके बावजूद, हर साल आग लगने की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं।

आग बुझाने के लिए हिंगनघाट से दमकल गाड़ियों को बुलाना पड़ता है, जो इस क्षेत्र में दमकल व्यवस्था की कमी को दर्शाता है। अगर स्थानीय स्तर पर ही अग्निशमन सुविधा उपलब्ध हो, तो ऐसी घटनाओं पर और तेजी से नियंत्रण पाया जा सकता है।

# सनफ्लैग कंपनी का केमिकलयुक्त पानी खेतों में छोड़ा जा रहा

**भंडारा.** सनफ्लैग स्टील कंपनी भंडारा जिले के वरठी में स्थित है। उद्योग और रोजगार के अवसर की आस में बैठे लोगों के लिए यह कंपनी किसानों के लिए बोझ बनती जा रही है। कंपनी का रसायनयुक्त पानी किसानों के खेतो में छोड़ा जा रहा है। जिसके कारण जमीन की उर्वरक क्षमता समाप्त हो गई है। जिसके कारण किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा रहा है।

जब कोई उद्योग अस्तित्व में आता है तो उस क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार मिलता है और उनकी आजीविका में सुधार होता है। लेकिन भंडारा जिले के वरथी स्थित सनफ्लैग स्टील कंपनी स्थानीय किसानों के लिए अभिशाप बन गई है। कंपनी से निकलने वाला रसायन युक्त पानी नाले में बहा दिया जाता है। यही पानी किसानों के खेतों में जाकर फसलें नष्ट कर रहा है। इस बीच, एकलारी के किसानों के खेतों में एक स्टील कंपनी से निकलने वाला रसायन युक्त पानी घुस जाने के कारण उनकी फसल समाप्त हो गई और जमीन बंजर हो गई है। इस संबंध में किसानों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण विभाग और कंपनी को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# प्रकाश आंबेडकर पर आपत्तिजनक पोस्ट से तेल्हारा में तनाव



**अकोला.**

जिले के तेल्हारा में सोशल मीडिया पर वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाश अंबेडकर के खिलाफ एक आपत्तिजनक पोस्ट ने तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। यह घटना तब हुई जब नागोलकर नामक एक युवक ने अंबेडकर की तुलना औरंगजेब से करते हुए एक विवादित पोस्ट साझा की।

इस पोस्ट के सामने आने के बाद, वीबीए कार्यकर्ता गुस्से में आ गए और युवक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। इस दौरान अंबेडकर समर्थक नारेबाजी करते हुए तेल्हारा पुलिस थाने तक पहुंचे और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

हालांकि, स्थिति तब कुछ शांत हुई जब यह पता चला कि जिस युवक ने यह पोस्ट डाली थी, उसके परिवार के सदस्य भी वीबीए से जुड़े हुए हैं।

इसके बाद, मामले को और अधिक बढ़ने से रोका गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# भारत विद्यालय में निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

## > स्व. अप्पाजी जोशी स्मारक ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोककल्याण समिति की पहल



**हिंगणघाट.**

स्व. अप्पाजी जोशी स्मारक सेवा ट्रस्ट, हिंगनघाट एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोककल्याण समिति, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18 एवं 19 मार्च 2025 को भारत माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विज्ञान महाविद्यालय, हिंगणघाट में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वर्धा जिला संघचालक जेठानंदजी राजपूत, लोककल्याण समिति नागपुर के प्रकल्प समन्वयक विनय आंबुलकर, व्यवसाय कार्य प्रमुख विवेकजी भीस्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश भट्टड़, उप प्राचार्य किशोर चावरे, पर्यवेक्षक मनीषा कोंडावार और नीलाक्षी बुरिले सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर मार्गदर्शन देते हुए विनयजी आंबुलकर ने विद्यार्थियों को स्वस्थ आहार एवं शरीर में आवश्यक हीमोग्लोबिन स्तर की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश भट्टड़ ने विद्यार्थियों को इस शिविर का लाभ उठाने की बधाई दी। इस शिविर के निरीक्षण हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोककल्याण समिति, नागपुर द्वारा पवन बावनकुले और सुश्री प्रतीक्षा देशमुख को भेजा गया था। शिविर में पायल मलाधारी, प्रतीक्षा देशमुख, गौरी बिसेन, मिथिलेश शुक्ला और अमित भूरे ने रक्त परीक्षण किया।

लगभग 1500 विद्यार्थियों ने इस दो दिवसीय रक्त परीक्षण शिविर के लिए पंजीकरण कराया। विद्यालय की ओर से उप प्राचार्य किशोर चावरे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार के सेवा कार्यों से लाभान्वित होता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन त्रिशूल लोंढेकर ने किया।

# विदर्भ क्रिकेट संघ का 14 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए चयन परीक्षण कल

**हिंगनघाट.**

विदर्भ क्रिकेट संघ नागपुर द्वारा विदर्भ के सभी जिलों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज और उनके कौशल का न्यायपूर्ण मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 14 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए चयन परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह टेस्ट वर्धा जिले में होगा, जिसमें 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे।

इस चयन प्रक्रिया के लिए विदर्भ क्रिकेट संघ, नागपुर से चयन समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस टेस्ट में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क या पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह टेस्ट हिंगणघाट के पैसिफिक क्रिकेट क्लब के मैदान (मोहता मिल के पीछे) में 21 मार्च 2025, शुक्रवार को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। सभी खिलाड़ियों को अपने क्रिकेट किट, सफेद पोशाक, मूल जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

वीसीए जिला समिति के अध्यक्ष नितेश उपाध्याय और वर्धा जिले के संयोजक पद्मनाभ जोशी ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से इस अवसर का लाभ उठाने और चयन प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है। सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील है कि वे समय पर उपस्थित होकर अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन करें।

# बच्चू कडू को हाईकोर्ट से राहत, सजा पर लगी रोक

## > अपात्रता की सुनवाई हुई निरर्थक

**अमरावती.**



जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के अध्यक्ष और पूर्व विधायक बच्चू कडू को मुंबई उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। नासिक जिला न्यायालय द्वारा सुनाई गई एक साल की सजा को लेकर उनके खिलाफ अयोग्यता की याचिका दायर की गई थी, जिसके आधार पर विभागीय सहनिबंधक ने उन्हें नोटिस जारी कर 18 मार्च तक जवाब देने का निर्देश दिया था।

हालांकि, बच्चू कडू ने मुंबई उच्च न्यायालय में अपील कर अपनी सजा पर स्टे प्राप्त कर लिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद अपात्रता संबंधी सुनवाई निरर्थक हो गई है, जिससे विरोधी गुट को करारा झटका लगा है। दिलचस्प बात यह रही कि मंगलवार को इस मामले की सुनवाई होनी थी, लेकिन विभागीय सहनिबंधक के अवकाश पर जाने के कारण सुनवाई टल गई। इसी बीच हाईकोर्ट से आए फैसले ने बच्चू कडू को राहत दे दी। जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक में सत्ता संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है। बबलू देशमुख गुट के संचालक हरीभाऊ मोहोड सहित 11 संचालकों ने बच्चू कडू को बैंक के संचालक पद से अयोग्य घोषित करने की याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं ने नासिक जिला न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा को आधार बनाकर उनकी अयोग्यता की मांग की थी।हालांकि, बच्चू कडू ने मुंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपनी सजा पर रोक की मांग की थी।

सोमवार को सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर स्थगनादेश दे दिया, जिससे अब अपात्रता की पूरी प्रक्रिया निरर्थक हो गई है। हाईकोर्ट के इस फैसले से बच्चू कडू को बड़ी राहत मिली है, जबकि विरोधियों को बड़ा झटका लगा है।

# यूनिवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट ने रचा इतिहास

**हिंगनघाट.** भारत में पहली बार यूनिवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूर्णतः महिला आयोजकों के नेतृत्व में श्रीराम कथा का भव्य और अनोखा आयोजन किया गया। शीतल तिवारी की अध्यक्षता में महिला सदस्यों के सहयोग और समर्पण से यह ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में अनोखी झांकियों के माध्यम से श्रीराम जी के जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों को दर्शाया गया। झांकियों में सियाराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता कौशल्या, राजा दशरथ, श्रीराम जी का जन्म, उनकी शिक्षा, विवाह और हनुमान जी की भक्ति के पावन दृश्य प्रस्तुत किए गए। 5 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय इस भक्ति महोत्सव में हिंगणघाट के श्रद्धालुओं ने कथा, कीर्तन, भजन और नृत्य के माध्यम से धार्मिक आनंद प्राप्त किया। इस सफल आयोजन ने महिलाओं के प्रति आदर, सद्भावना और सम्मान का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# ईपीएस-95 पेंशन को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन




**वर्धा.**

भारतीय मजदूर संघ की ओर से देशभर में जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। वर्धा में भी संघटना की ओर से यह ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया।

यह ज्ञापन गुवाहाटी में हुई भामस (भारतीय मजदूर संघ) की राष्ट्रीय बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार ईपीएस-95 पेंशन में महंगाई भत्ता ₹ 7,500, इपीएस पेंशन ₹30,000 और इइसआईसी पेंशन ₹42,000 तक बढ़ाने की मांग को लेकर दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील पाटणकर, मंत्री भुजंग तिजारे, संगठन मंत्री प्रशांत गौरशेट्टीवार, कोषाध्यक्ष चेतन मुजबैले, कार्यालय मंत्री पंकज सिंह, धनंजय भट, सतीश बावसे, उमाळकर, धर्मेश निकम, दिनेश अलोणे, नितीन लांडगे, शुक्रचरण बोरकर, देवेंद्र किटे, सचिन कापसे, सचिन जुनघरे, नितेश भट, प्रफुल चौधरी, धीरज चुटे, सुदर्शन पाटील, किशोर गवारकर, इशाक अली सैयद, मनोज बावनकर सहित म. वीज कामगार महासंघ, सहकारी बैंक संघटना, लॉयड्स इस्पात मजदूर संघ, पेंशनर संघटना तथा विभिन्न क्षेत्रों के मजदूर उपस्थित रहे।

मजदूर संघ ने सरकार से ईपीएस-95 पेंशनधारकों को राहत देने के लिए जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा करने की अपील की।

# हिंगनघाट में ड्रग्स के अवैध व्यापार पर तत्काल रोक लगाने की मांग

## > आम आदमी पार्टी और विदर्भ विकास आघाड़ी ने पालकमंत्री व जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**हिंगनघाट.**



पिछले दो वर्षों में हिंगनघाट शहर में ड्रग्स की बढ़ती बिक्री के कारण युवाओं के इस जाल में फंसने का खतरा बढ़ गया है। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को रोजगार न मिलने के कारण वे अवैध कार्यों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हाल ही में 24 वर्षीय युवक के पास से पुलिस ने एम.डी. नामक ड्रग्स बरामद किया और उसे हिरासत में लिया। यह ड्रग्स उसके पास कैसे आया? इस अवैध व्यापार का मास्टरमाइंड कौन है? यह धंधा हिंगनघाट में कितने बड़े पैमाने पर चल रहा है? इन सभी सवालों की गहराई से जांच करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि इसी युवक के पास से तीन बार ड्रग्स बरामद किया जा चुका है। इसके बावजूद वह चौथी बार फिर से इस अपराध में संलिप्त पाया गया। आखिर क्या मजबूरी है जो उसे इस अवैध धंधे की ओर धकेल रही है? इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर मुख्य सूत्रधार को गिरफ्तार कर सख्त सजा देने की मांग आम आदमी पक्ष और विदर्भ विकास आघाड़ी ने की है।

मां-बाप अपने बच्चों को अच्छे स्कूल-कॉलेज में पढ़ने के लिए भेजते हैं, लेकिन उन्हीं शिक्षण संस्थानों के बाहर अवैध धंधे करने वाले सक्रिय रहते हैं, जिससे युवा नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं। बेरोजगारी, आसान पैसा कमाने की लालसा और कुछ नेताओं के संरक्षण में चल रहे इन गैरकानूनी कार्यों के कारण युवा इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। कई नेता और राजनीतिक दल अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर इन अवैध धंधों को संरक्षण देते हैं, जिससे यह कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

इससे पहले, 2022 में भी उपविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें छात्रों और युवाओं को इन अवैध गतिविधियों से दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई थी। ड्रग्स न केवल युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है, बल्कि उनके परिवारों को भी उजाड़ रहा है। ड्रग्स के आदी युवाओं को अपराधी न मानते हुए, उन्हें एक भटके हुए इंसान की तरह देखा जाना चाहिए और इस दलदल से निकालने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जानी चाहिए। अन्यथा, वे अपराध, सजा और जेल के जाल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर लेंगे।

**इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान देकर जिले के युवाओं को ड्रग्स के दुष्चक्र से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग आम आदमी पार्टी और विदर्भ विकास आघाड़ी ने पालकमंत्री, जिलाधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में की है। इस दौरान ज्ञापन सौंपते समय अनिल जवादे, गोरख भगत, गोकुल पाटील, अजय मुले, चंद्रकांत भोयर, संदीप जेनेकर, स्वप्नील मस्के सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

# हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन




**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत पाठ्य संरचना पर पुनर्विचार हेतु एक दिवसीय पुनश्चर्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने की।

उन्होंने पाठ्यचर्या के पुनरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कुलपति पद संभालने के बाद पहली बार शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्हें तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं वक्तव्य अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल ने दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, प्रावधानों और पाठ्यचर्या से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

यह कार्यक्रम 18 मार्च को ग़ालिब सभागार में आयोजित किया गया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित रहे, वहीं क्षेत्रीय केंद्रों के संकाय सदस्य ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर इसमें सहभागी बने।

## 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर होटल सेंटर प्वाइंट में डिग्निफाइड वूमेन अवॉर्ड - सीजन 2 का आयोजन किया गया






नागपुर : इस अवसर पर अभिनेत्री क्रांति रेडकर और शाशकीये अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 19 महिलाओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया जिसमे नागपुर शहर की मशहूर समाज सेविका और एडवोकेट श्रीमती मनुजा नीलेश तिवारी को सम्मानित किया गया.

# संत व भक्तों का होगा आध्यात्मिक मिलन

### > कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा को होगा समापन

रामाकोना/सौंसर.

संतों की नगरी, श्रीतीर्थ श्रेत्र व श्रीराम पथगमन मार्ग पर स्थित पांढुर्ना जिले में सौंसर तहसील रामाकोना में संत श्री एकनाथ महाराज के नाम से प्रसिद्ध एकनाथ षष्ठी मेला में आध्यात्मिक आयोजन कन्हान नदी मोहोत्सव सिदोरी गोपाल काला गुरूवार को होंगा। इस उपलक्ष्य में रामाकोना से निकली कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा कन्हान नदी किनारे बसे 31 गांवों का भ्रमण कर लौटी यात्रा का समापन होगा। श्रीतीर्थ श्रेत्र संत लीलामृत घाट कन्हान नदी समिति, ग्रामीण व हरिभक्तों के आयोजन में दोपहर 11 बजे से सिदोरी गोपाल काला कीर्तन होगा। कीर्तन पश्चात कन्हान नदी की आरती और महाप्रसाद वितरण होगा। विषेषतः यह कि नदी में होने वाला महाप्रसाद वितरण घर-घर से



इकट्ठा की गई माधुकरी यानी भोजन से होती है। इस आयोजन में शामिल होने वाले संत, भक्त, श्रद्धालु एवं ग्रामीण महाप्रसाद के लिए अपने साथ यथाशक्ति भोजन लेकर आते है। यही इकट्ठा किया गया भोजन महाप्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। सिदोरी गोपाल काला कीर्तन परंपरा नुसार महाराष्ट्र चालिसगांव के हरिभक्त परायण कृष्णाजी वाघलीकर महाराज करेंगे। कीर्तन में गांवों से आने वाली भजन मंडलिया, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के अलावा मठ, मंदिरों के पुजारी, पदाधिकारी एवं संतसमाज उपस्थित होगा।

**चलित हरिनाम सप्ताह का नवाचार**

कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा का पांचवा वर्ष है। इस वर्ष की पांच दिवसीय यात्रा में अपने विश्राम स्थल पर हरिपाठ और कीर्तन कर चलित हरिनाम सप्ताह का नवाचार किया है। यात्रा में शामिल दिनकर पातुरकर एवं ने बताया कि यात्रा भ्रमण के दौरान गांवों में लोगों को संतश्री एकनाथ षष्ठी माहोत्सव में होने वाले आयोजनों में शामिल होने का निमंत्रण देने के साथ ही नदी सरंक्षण, पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया है। परिक्रमा यात्रा में विविध ग्रामों से श्रद्धालु शामिल हुए।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को इलाज के लिए 2.15 लाख की सहायता

### नागरिकों ने जताया आभार

सौसर.

पूर्व मंत्री नाना मोहोड की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा पांढुर्णा जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए 2 लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना अंतर्गत राहुल डाबरे पांढुर्णा 25 हजार, पापेश्वर डुमने अंबाडी 35 हजार, साबीर खान मोहगांव 20 हजार, मधुसूदन गारवे सौसर 40 हजार, लता खुटपाले सौसर 45 हजार, गणपति मदनकर पांढुरना 25 हजार, गणेश पांढुर्णा 25 हजार का समावेश है।

आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बीमारी से पीड़ित का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ का आभार व्यक्त किया है।

# मोहगांव हवेली में 9 साल के बच्चे की हादसे में मौत

सौसर.

शहर से 6 किलोमीटर दूर मोहगांव हवेली में 9 साल के बच्चे की हादसे में मौत हो गई, उक्त बालक रस्सी गले में डालकर बॉल को बांधने की कोशिश कर रहा था तभी यह रस्सी बच्चों की मौत का कारण बन गई. मोहगांव हवेली पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को जांच में रखा है जानकारी के अनुसार मोहगांव हवेली निवासी खेमचंद उर्फ़ चंदन पिता प्रमोद बंजारी उम्र 9 साल मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे करीब अपने घर में भाई कुंदन के साथ बैट बॉल खेल



रहा था. बॉल को रस्सी से बांधकर नेट से मार रहा था, रस्सी में बंधी बॉल नीचे गिर गई खेमचंद उर्फ चंदन इस बॉल को दोबारा रस्सी से बांधने के लिए स्टूल पर चढ़ा रस्सी को गले में डालकर वह बॉल को बांधने की कोशिश कर रहा था. तभी स्टूल का बैलेंस बिगड़ने से वह नीचे गिरने लगा और गले में डाली रस्सी फंदे की तरह गले में कस गई और बालक इस फंदे पर लटक गया भाई ने मां को बुलाया बच्चे को फंदे से उतार कर सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी थाना प्रभारी जितेंद्र बघेल में बताया कि सौसर थाने में मामला दर्ज हुआ है डायरी आने पर इस मामले की जांच की जाएगी और वास्तविकता का पता लगाया जाएगा वही परिवार को इस बालक की मौत पर बड़ा सदमा लगा है

## गुजराती ब्रह्मसमाज का सामूहिक यज्ञोपवित २ मार्च को

**नागपुर.** ब्राह्मणों के तीर्थरूप आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर 2 मई को नागपुर गुजराती ब्रह्मसमाज द्वारा समूह यज्ञोपवित का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मध्यभारत के गुजराती परिवार अपने बालकों का यज्ञोपवित करवा रहे है। इसके अलावा पूरे भारत से भी इस कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

कार्यक्रम का शंखनाद प्रमुख संजयभाई ठाकर के नेतृत्व में संयुक्त सभा लेकर किया गया। कार्यक्रम में समाज के उपप्रमुख प्रा आर डी मेहता ने कार्यक्रम की तैयारियों का ब्यौरा लिया। कार्यक्रम में समाज के सचिव चेतन जोशी ने कार्यक्रम की रूपरेखा स्पष्ट की और केयूर व्यास ने सबसे सुझाव मांगे। कार्यकम में महिला मंडल अध्यक्ष किरण दवे, सचिव विभूति दवे, युवा मंडल प्रमुख प्रा हिमांशु शुक्ल, सचिव निखिल जोशी उपस्थित रहे। कार्यकारणी मंडल के अनुप शुक्ला, जयेश जोशी, ब्रजेश व्यास, राजेश जोशी, गोपाल व्यास, चेतन दवे, धर्मेश शुक्ला, हितेश त्रिवेदी, चिराग जोशी, कनिष्क मेहता, नीता शुक्ल, मीनाक्षी जोशी, मोनिका जानी, साधना जोशी, उपस्थित रहे। पूरे भारत के गुजराती ब्राह्मण परिवार इस अनुष्ठान में भाग ले सकते है। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए सचिव चेतन जोशी 9823066284 और कोषाध्यक्ष केयूर व्यास 9890912374 पर संपर्क किया जा सकता है।

## समता सैनिक दल स्थापना दिन का आयोजन




### > वरिष्ठ सैनिकों का किया सम्मान

सौंसर.

समता सैनिक दल सौंसर जिला शाखा द्वारा 19 मार्च 2025 को बुद्ध विहार सौंसर परिसर में सुबह 10 बजे समता सैनिक दल स्थापना दिन व महाड़ चवदार तालाब सत्याग्रह दिन मनाया। तथागत बुद्ध व डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलन माल्यार्पण अभिवादन हुआ। दल ध्वजारोहण, सलामी, बुद्ध वंदना हुई। ससैद स्थापना व महाड़ चवदाल तालाब सत्याग्रह विषय पर मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सैनिकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सहायक जीओसी हीरामन सोमकुंवर, वरिष्ठ सैनिका कुसुम सहारे, रेणुका ठवरे, गिरिजा डोंगरे, ज्योति बंसोड, चंदा सहारे, सहायक ट्रेनिंग अधिकारी कल्पना गजभिए, शिला गोडबोले, ज्योति दुफारे,जिला पीआरओ रमेश रंगारे, शाखा अधिकारी शेषराव बागडे, फील्ड ऑफिसर अशोक डोंगरे, डॉ वाय एल ठवरे, माणिकराव कड़वे, विलास गोडबोले, जिला सचिव प्रवीण ठवरे, अनिरुद्ध दुफारे, प्रशांत डोंगरे,राजेंद्र गजभिए आदि मौजूद थे।

## हथियार रखने वाला आरोपी गिरफ्तार

नागपुर.

कलमना पुलिस थाने की जांच टीम ने एक आरोपी को घातक हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलमना पुलिस की टीम अपने थाना क्षेत्र में अपराधियों की जांच अभियान पर थी। इसी दौरान गुलशन नगर, प्लॉट नंबर 53, गणेश चौक के पास रहने वाले मोहम्मद कैफ मोहम्मद शोएब अकबानी (20 ) के घर की पंचों की उपस्थिति में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से लोहे का धारदार खांचे वाला चाकू बरामद हुआ है ।

आरोपी किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने के इरादे से चाकू लेकर घूम रहा था। इसके अलावा, उसने प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन किया, जिसके चलते कलमना पुलिस ने भारतीय हथियार अधिनियम की धारा 4/25 एवं महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस इस मामले की आगे जांच कर रही है।

## लोधीखेड़ा में हनुमान मंदिर का भूमिपूजन संपन्न



सौसर.

नगर परिषद लोधीखेडा में हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य भूमि पूजन पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के हस्ते संपन्न हुआ. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोधीखेड़ा प्रभाकर बोबडे ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लीलाधर बांगड़े , नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना जैसवाल, सभापति दिनेश रायकवार, होमदेव वंजारकर , पूजा बांगडे, सरिता टेटे, नंदूकुमार राय, अनूप जैन, गंगाधर धुर्वे, सोमादास हेडाऊ, उदय पट्टे, मिलन उईके शंकर तरारे, राजू हेडाऊ, महेंद्र कोल्हटकर, रजनीश कोहड़े, लेखराम कोल्हटकर, सुरेश निमजे, गणेश कौकड़े, अर्जुन नंदवार, बबन रायकवार उपस्थित थे.

## छिंदवाड़ा में ऑटो-आयशर भिड़ंत, 12 लोग घायल

**छिंदवाड़ा.** छिंदवाड़ा में पांढुर्णा तहसील के दूधा स्थित भैरव टेकड़ी के पास शनिवार सुबह 11 बजे मजदूरों से भरे एक ऑटो और आयशर वाहन की भिड़ंत में 12 लोग घायल हो गए। इनमें दो स्कूली छात्र भी शामिल हैं। घटना में नरेंद्र कुमरे और विशाल धुर्वे को गंभीर चोट आई है, जिनकी हड्डियां टूट गई हैं। अन्य घायलों में वनीता उईके, निर्मला सलामे, प्रमिला उईके, सिंधु तुमदाम और सुशीला पंद्राम सहित अन्य लोग शामिल हैं। घायल स्कूली छात्रों की पहचान मयूरी ईरपाची और विशाखा धुर्वे के रूप में हुई है, जो राजोराकला की शासकीय माध्यमिक स्कूल जा रहे थे।

घायल मजदूर पिलापुर में मजदूरी के लिए जा रहे थे घायल सुशीला पंद्राम के अनुसार, सभी लोग राजोरा खुर्द के निवासी हैं और पिलापुर में मजदूरी करने जा रहे थे। दुर्घटना के बाद आयशर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सभी घायलों को जनसहयोग से पांढुर्णा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमओ दीपेंद्र सलामे ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

## बेरडी में संस्कृति-ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित

सौसर.

सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी में संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमुख रोहिणी बनसोड ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी आचार्य दीदीयो की उपस्थिति में भैया बहिनों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिसमें कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान -वैष्णवी किशोर खरवडे -96%, द्वितीय स्थान पर -आरोही मनोज चुनरिया -95% रही। कक्षा चतुर्थ



मे प्रथम स्थान पर -सोहम संजय करमरकर -92%, द्वितीय स्थान पर -साहिल राधेश्याम खंडाईत एवं दर्शन पुरुषोत्तम हिंगने -90%,कक्षा पंचम मे प्रथम स्थान पर -सेजल संजय करमरकर -99%, द्वितीय स्थान पर -साची अशोक लाखे -98%,रचना पुरुषोत्तम हिंगने -98%,निधि चंद्रभान बांबल -98%, वेदिका विलास ठाकरे -98%, निखिल क्रिष्णा ठाकरे -98%,प्रज्वल सुरेश बेंडें -98%,तृषा गुणवंत ठोसरे -98%,कक्षा षष्ठम मे प्रथम स्थान पर नव्या प्रदीप गुर्वे -98%, द्वितीय स्थान पर -मयुरी शामु रोहनकार -94%,कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान पर गौरी चंद्रशेखर गुर्वे -81%, द्वितीय स्थान पर तन्वी बबलू रुंघे -80%,प्रियांशु दशरथ खंडाईत -80%रही।




# डेंगू, मलेरिया की रोकथाम पर शिवसेना ने मुख्याधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कामठी.

पिछले दिनों शिवसेना (शिंदे) कामठी शहर प्रमुख शुभम तड़से व्दारा डेंगू, मलेरिया की रोकथाम व साफ सफाई की समस्याओं का ज्ञापन नप प्रशासक व मुख्याधिकारी संदीप बोरकर के नाम प्रेषित ज्ञापन नप सहायक कर्मचारी को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि वार्ड क्र 10 तेलीपुरा शहर में डेंगू, मलेरिया, सर्दी, बुखार, आदि का प्रादुर्भाव तेजी से बढ़ रहा है.

उनका कहना है कि लोग इन बीमारियों की चपेट में आ रहे है। वार्ड 10 तेलीपुरा में नालियां गंदगी से भरी पडी है। रास्तों पर गंदगी फैली है। साफ सफाई में अनदेखी किए जाने से नागरिकों को कठिनाइयों का सामना



करना पड रहा है। ऐसे में बीमारियों का शिकार होना पड रहा है। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए वार्ड क्रमांक 10 तेली पूरा में बीमारी से बचने के लिए दवाइयों का वितरण किया जाए। साथ ही वार्ड में स्थित नाली और रास्तों की साफ सफाई कर कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया जाए, ताकि बीमारियों की रोकथाम हो। इस दिशा में नगर परिषद द्वारा तत्काल कार्यवाही हो।

ज्ञापन में शिवसेना शहर प्रमुख शुभम तड़से सहित सौरभ गुप्ता , शिवम मिश्रा ,वैभव पाटिल, अजय पाटील, किशोर पाटील, राजू जांगड़े, गजानन ढगले, प्रकाश आंबोने, सत्यजीत पाटील, सुमित्रा पाटील, ज्योति कोड़वते, राजू कुड़ोप्पा, मनोहर वंजारी, आशीष वंजारी, विशाल लांजेवार, शंकर पंचबुधे, लक्षय बावने, अल्पेश लांजेवार, पवन लांजेवार, बेनू बावने, मंगला लोंदासे, हेमलता लांजेवार, मनीषा पंचबूधे, ऋतिक सरोदे, दर्शन ढगले, प्रफुल पाटील, आदित्य पाटील, वैभव पाटील के हस्ताक्षर का समावेश था।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 667-9 | 360-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 127-0 | 470-1 |